गाजियाबाद में खुला शालीमार पेंट्स का क्षेत्रीय वितरण कैन्द्र

गाजियाबाद। भारत की प्रमुख पेंट निर्माता कंपनियों में से एक शालीमार पेंट्स लिमिटेड ने गाजियाबाद में क्षेत्रीय वितरण केंद्र की स्थापना करके उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपनी पहुंच बढ़ाने की योजना की घोषणा की। उद्घाटन के मौके पर बात करते हुए समीर नागपाल, प्रबंध निदेशक और सीईओ, शालीमार पेंट्स ने कहा, '' उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड हमेशा से शालीमार पेंट्स के लिए महत्वपूर्ण बाजार रहे हैं और हमारे पास आजादी के वक्त से ही मजबूत और स्थापित नेटवर्क रहा है। पिछले कुछ सालों के दौरान हमारी वृद्धि हर क्षेत्र में बाजार के मुकाबले तेज रही है। इस नए वितरण केंद्र की मदद से हमें अपनी ग्राहक सेवा और भौगोलिक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी ताकि हम अपनी बाजार हिस्सेदारी और अधिक बढ़ा सकें।'' देश की सबसे पुरानी और लोकप्रिय पेंट निर्माता कंपनी डेकोरेटिव पेंट कारोबार की और अधिक ध्यान देकर ग्राहक केंद्रित कंपनी बनने की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस संक्रमण के तहत प्रमुख बाजारों में उत्पादों की डिलीवरी करने के लिए क्षेत्रीय वितरण केंद्रों की स्थापना करके यह अपनी वितरण क्षमता बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी के उत्तर प्रदेश में 5 डिपो (गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, वाराणसी और लखनऊ) और उत्तराखंड में दो डिपो (देहरादून और हल्द्वानी) के साथ कंपनी करीब 800 डीलरों के साथ दोनों राज्यों के 200 से भी ज्यादा शहरों और कस्बों में कारोबार कर रही है। शालीमार पेंट्स की उत्पादन इकाई उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर जिले में सिकंदराबाद में है।